तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 12 जुलाई 2025

11 जागरूकता रैली से दिया छोटा परिवार, सुखी ...



12 धनवंतरी एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में आयुष्मान ...



### वेश्यावृत्ति के धंधे को बंद कराने के लिए पुलिस की सरकारी कार्यालयों के पास होटलों और जूसों की दुकान पर छापेमारी

# दो युवक और 7 महिलाएं हिरासत में, तीन माह में पांचवीं कार्रवाई से हड़कंप

- महिलाओं को हिरासत में लेकर पूरे मामले की जा रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के होटलों में चल रहे वेश्यावृत्ति के धंधे को बंद कराने के लिए पुलिस ने सरकारी कार्यालयों के पास मौजूद होटल और जूस की दुकान पर छापा मारा। इस दौरान दो युवक और 7 महिलाओं को काबू किया गया। छापेमारी की अगुवाई डीएसपी रवि खुंडिया ने की। डीएसपी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान कुछ महिलाओं को हिरासत में लिया गया है और पूरे मामले की जांच जारी है। पुलिस ने कहा है कि इस मामले में और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है।

आसपास के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की भी निगरानी बढ़ा दी गई है। डीएसपी रवि खुंडिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया के नेतृत्व में वेश्यावृत्ति के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत दो होटलों में वेश्यावृत्ति का धंधा चलने की सूचना मिल रही थी। पुलिस ने महिला पुलिस टीम तैयार की। टीम में एक बाहरी युवक को शामिल किया और उसे ग्राहक बनाकर होटलों में भेजा। वहां पर जाकर युवक के सामने संचालकों की ओर से तीन युवतियों को पेश किया गया।

उसी के इशारे पर सामान्य लोगों की तरह खड़ी पुलिस टीम होटल में पहुंची तो संचालक पीछे के दरवाजे से भाग गए। हालांकि, वहां से एक बच्चे समेत सात महिलाओं को काबू कर लिया।

महिलाओं को ले जाती पुलिस





### कोर्ट के पास जूस की दुकान से पकड़ी महिला

पुलिस ने कोर्ट के पास एक जूस की दुकान से एक महिला को देह व्यापार के मामले में पकड़ा। वहीं, छापेमारी के दौरान दो लोगों को भी पकड़ा गया। पुलिस आरोपियों को पकड़कर अपने साथ ले गई। पुलिस मामले में जांच कर रही है। साथ ही सरकारी दफ्तरों के पास ही देह व्यापार का धंधा फल फूल रहा है। जिस होटल से महिलाओं को पकड़ा गया है, उसके पास नगर निगम ऑफिस, पुलिस लाइन, सिटी थाना, महिला थाना, एसपी ऑफिस, डीसी हाउस, एडीसी आफिस सहित तमाम सरकारी दफ्तर है। इसके बावजूद देह व्यापार हो रहा है।

### वेश्यावृत्ति के खिलाफ पुलिस चला रही अभियान

पुलिस ने वेश्यावृत्ति के खिलाफ रोहतक में पांच माह में पांचवी कार्रवाई की है। 12 अप्रैल को दिल्ली रोड स्थित एक होटल से तीन युवतियों को मुक्त कराया था। मोर खेड़ी गांव निवासी होटल संचालक अनिल के खिलाफ केस दर्ज कराया गया। 19 अप्रैल को दिल्ली रोड स्थित मसाज सेंटर और स्पा पार्लर पर छापा डालकर तीन युवतियों को मुक्त कराया, जबकि दो युवक और दो युवतियों को छुड़वाया गया। फिर मई माह में बस स्टैंड के पास होटल में छापेमारी की थी। इसके बाद 11 जुलाई को लघु सचिवालय, कोर्ट, डीसी-एसपी ऑफिस और नगर निगम के पास मौजूद होटल और जूस की दुकान पर छापा मारा। इस दौरान 7 महिलाओं को काबू किया। इन महिलाओं से पूछताछ की जाएगी।

### गुप्त सूचना पर रेड

कई जगहों पर महिलाओं से अनैतिक कार्य करवाया जा रहा है। जूस कार्नर व होटल पर रेड की। जूस कार्नर पर एक महिला व होटल से 7 महिलाओं को काबू किया है, जो अलग-अलग जगहों से संबंध रखती है। पकड़ी गई महिलाओं से पूछताछ की जा रही है। पुलिस लगातार देह व्यापार की गुप्त सूचना पर कार्रवाई कर रही है।
-रवि खुंडिया, डीएसप, रोहतक

### पुलिस के रडार पर और भी कई होटल

होटलों में की गई कार्रवाई के बाद कुछ और होटल निशाने पर आ गए हैं। युवतियों और आरोपियों से पूछताछ में होटलों के नाम सामने आए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही उन होटलों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### दूसरे दिन भी महसूस हुए भूकंप झटके

**रोहतक।** शुक्रवार शाम 7 बजकर 49 मिनट 43 सेकेंड पर रोहतक में धरती फिर से थर्रा उठी। जिससे लोगों में कुछ देर के लिए दहशत फैल गई। भूकंप का केंद्र झज्जर रहा और गहराई 10 किमी दर्ज की गई अभी तक किसी नुकसान की खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिकतीव्रता 3.7 रही। वीरवार की सुबह 9 बजकर 5 मिनट पर क्षेत्र में जलजला आया था। जिसकी तीव्रता 4.4 रिकॉर्ड की गई थी।

### ईसी सदस्य के लिए चुनाव 29 जुलाई को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय एक्ट के स्टैच्युट 11 के प्रावधानों के तहत कार्यकारी परिषद सदस्य के पद के लिए यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स (प्रोफेसर के अलावा) के शिक्षकों का चुनाव 29 जुलाई को होगा। कुलसचिव एवं इस चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी डा. कृष्णकांत ने बताया कि प्रोफेसर को छोडक़र यूटीडी के अन्य शिक्षक 17 जुलाई को शाम 4 बजे तक कार्यकारी परिषद सदस्य के पद के चुनाव के लिए आवेदन कर सकते हैं। चुनाव 29 जुलाई को आईएचटीएम कांफ्रेंस हॉल में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### स्टैटिस्टिक्स कोर्स के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सांख्यिकी विभाग में सत्र 2024-2025 के लिए संचालित बीएससी-स्टैटिसटिक्स चार वर्षीय पाठ्यक्रम (एनईपी 2020 के तहत) में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए राहत की खबर है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 21 जुलाई 2025 कर दिया है।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** सीआईए-2 की टीम ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। युवक की पहचान सत्येंद्र उर्फ पहलवान निवासी जसराना जिला सोनीपत हाल रामगोपाल कॉलोनी रोहतक के रुप में हुई। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ अर्बन एस्टेट थाना में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

### डीसी ने तहसील का औचक निरीक्षण किया

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कलानौर तहसील का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण में उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तहसील में होने वाले प्रत्येक कार्य में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने कहा कि अगर कहीं से भी कोई शिकायत मिलती है तो उस पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी।

### प्लेटफॉर्म नंबर दो पर वारदात से हड़कंप मच गया

# रेलवे स्टेशन पर नशे में धुत रिटायर्ड फौजी ने महिला को गोली मारी

- ट्रेन में चढ़कर भागने की कोशिश, आरोपित गिरफ्तार
- घायल महिला को यात्रियों की मदद से पीजीआईएमएस ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया
- पहले से जान-पहचान होने का मामला आया सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शुक्रवार रात रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक व्यक्ति ने अचानक एक महिला को पीछे से गोली मार दी। यह वारदात रात आठ बजे के करीब की है, जब स्टेशन पर यात्रियों की अच्छी-खासी भीड़ मौजूद थी। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद जीआरपी और आरपीएफ की टीमें सक्रिय हुईं और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि घायल महिला को यात्रियों की मदद से पीजीआईएमएस ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया।

घायल महिला की पहचान पिंकी पत्नी राममेहर निवासी जुलाना के रूप में हुई है और आरोपी वजीर सिंह निवासी लिजवाना खुर्द, एक रिटायर्ड फौजी है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि दोनों एक-दूसरे को पहले से जानते थे और हिसार बाईपास क्षेत्र की अलग-अलग निजी कंपनियों में कार्यरत हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी शराब के नशे में था और वारदात से पहले उसने यात्रियों को पीछे हटने की चेतावनी दी थी। इसके बाद उसने महिला की पीठ में गोली मार दी और मौके पर ही खड़ा रहा। कुछ समय बाद जैसे ही कुरुक्षेत्र जाने वाली ट्रेन आई, आरोपी उसमें चढ़ गया। हालांकि यात्रियों की सतर्कता और सहयोग से आरपीएफ ने ट्रेन में चढ़कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों की निष्क्रियता को लेकर यात्रियों में नाराजगी भी देखी गई, क्योंकि घायल महिला काफी देर तक प्लेटफॉर्म पर पड़ी रही और किसी ने उसे अस्पताल पहुंचाने की पहल नहीं की।

#### यात्रियों में भय का माहौल

जिस समय गोली मारने की घटना को अंजाम दिया गया। उस समय यात्री सहम से गए की इतनी तेज आवाज कहां से आई। महिला जैसे ही जमीन पर गिरी और खून दिखा तो पता चला की महिला को गोली मारी गई है। कुछ यात्री वहां से दूर हो गए तो कुछ ने साहस दिखाकर आरोपी को पकड़वाया है। हालांकि यात्रियों में इस घटना से भय का माहौल बना रहा। मौके पर मौजूद एक युवती घटना को देखकर रोने तक लगी।

वारदात के बाद जुटी भीड़



महिला को ले जाते स्टेशन के यात्री



महिला को एंबुलेस में चढ़ाते एवं जांच करती पुलिस



### आरोपी अभी नशे की हालत में था

आरोपी अभी नशे की हालत में है, इसलिए गहन पूछताछ शनिवार सुबह की जाएगी। वहीं, महिला की स्थिति स्थिर बताई जा रही है, लेकिन वह अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हमलावर के पीछे की मंशा और दोनों के रिश्ते की गहराई से जांच की जा रही है। -जोगेंद्र सिंह, एसएचओ, जीआरपी रोहतक

### स्टेशन पर इस तरह की यह पहली घटना

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर इस तरह से महिला को गोली मारने की यह पहली घटना है। इस तरह का पहले कोई हादसा यहां पर नहीं हुआ है। आज से दो साल पहले एक युवक के साथ मारपीट स्टेशन पर की गई थी। उस समय भी आरोपी को मौके से पकड लिया गया था।

### महिला को होश आने के बाद मामले का चलेगा पता

महिला अभी पीजीआई में उपचाराधीन है जैसे ही उसे होश आएगा। पुलिस उसके बयान लेकर मामले की जांच में आगे बढ़ेगी। महिला होश में न होने के कारण वह अभी कुछ बोल नहीं पाई है। हालत स्थिर होने के बाद ही महिला से पुलिस बातचीत कर पाएगी।



रोहतक। टिटौली निवासी देवव्रत की हत्या के मामले में गिरफ्तार चार आरोपी।

### 17 मार्च को सुबह आठ बजे हुई थी वारदात

## टिटौली के देवव्रत की हत्या मामले में 4 आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने टिटौली निवासी देवव्रत की हत्या की वारदात में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। अज्ञात आरोपियों द्वारा देवव्रत पर लोहे के पाइप से जानलेवा हमला किया गया था। हमले के दौरान लगी चोटो के कारण दौराने इलाज देवव्रत की मौत हो गई। सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि 17 मार्च को टिटौली निवासी देवव्रत की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 17 मार्च को देवव्रत बाइक से ड्यूटी पर जा रहा था। सुबह 8 बजे देवव्रत अपने गांव के बाहर बनी नहर के पास पहुंचा तो एक कार ने जान से मारने की नीयत से चढाने की कोशिश की। देवव्रत ने बचाव किया और बाइक मिट्टी के ढेर पर जा गिरी। कार से 5-6 युवक हाथों में लोहे के पाइप व पिस्तौल सहित बाहर आये। देवव्रत खेतों की तरफ भागने लगा। युवकों ने देवव्रत को घेर लिया और लोहे के पाइपों से पैरो पर वार कर दोनों टागे तोड़ दी। शोर सुनकर भीड़ इक्ठ्ठा होते देख युवक मौके से फरार हो गए। देवव्रत को इलाज के लिये पीजीआईएमएस मे भर्ती कराया गया। 23 मार्च को इलाज के दौरान देवव्रत की मौत हो गई। 24 मार्च को देवव्रत के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। 10 जुलाई को आरोपी सन्नी, निवासी सोनीपत को प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ्तार किया गया।

### वारदात का खुलासा

जांच में सामने आया कि करीब 2 साल पहले होली के दिन सुरेंद्र व सुरेंद्र के भाई देवेन्द्र उर्फ काला का देवव्रत के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। उसी दौरान देवेन्द्र उर्फ काला ने गांव में नया घर बनाया था जिसको बेच कर देवेंद्र शहर में रहने लगा। पंचायती तौर पर झगडे को लेकर दोनो पक्षों में समझौता हो गया। दोनों पक्षों की तरफ से पुलिस में मामला दर्ज नहीं कराया गया। देवेंद्र जब भी गांव जाता तो दोनों पक्षों में तनाव रहता था। इसी तनाव के चलते सुरेंद्र, देवेंद्र ने अन्य युवकों के साथ मिलकर देवव्रत पर हमला करने की वारदात को अंजाम दिया।

## भैणी चंद्रपाल सरपंच के निलंबन पर कमिश्नर की सशर्त रोक

- नामांकन के समय पर बिजली बिल न भरने का आरोप था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने 20 जून को भैणीचंद्रपाल गांव के सरपंच शिवराज सिंह को सस्पेंड कर दिया था। उन पर नामांकन के समय पर पूरा बिजली बिल न भरने का आरोप था। उनके निलंबन के ग्राम पंचायत के पंचों ने यशवीर सिंह को कार्यकारी सरपंच चुना लिया था। निलंबित सरपंच शिवराज सिंह ने रोहतक के आयुक्त पीसी मीणा के पास एक अपील लगा दी। इस अपील पर कार्यवाही करते हुए कमिश्नर पीसी मीणा ने जिला उपायुक्त के निलंबन के आदेश पर तीन महीने के लिए रोक लगा दी है। कमिश्नर के आदेश में कहा गया है कि बिजली बिल कनेक्शन में शिवराज सिंह का नाम नहीं है। 16 मई 2025 को उसने एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था कि वह हर समय प्रशासन की मदद के लिए तत्पर रहता है।

### बिजली योजनाओं को करवाना होगा लागू

अपीलार्थी द्वारा आश्वासन दिया गया कि वह गांव में बिजली मीटरों को बाहर लगवाने, बकाया बिजली बिलों की वसूली व बिजली चोरी की रोकथाम के लिए प्रशासन की हर संभव मदद करेगा। तदक्रम में वर्तमान अपील सबल, तार्किक व आधारिक पाए जाने के फलस्वरूप आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए उपायुक्त रोहतक के आदेश पर आगामी तीन माह तक रोक लगाई जाती है तथा निर्णय की एक प्रति उपायुक्त रोहतक को भेज दी जाती है। वह भैणीचंद्रपाल गांव में बिजली विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में सरपंच के आगामी दो महीनों में सहयोग बारे बिजली वितरण निगम से रिपोर्ट ली जाएगी।

**बैठक** समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों के निपटान की समीक्षा

## लंबित शिकायतों का किया जाए संतोषजनक समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ समाधान शिविर, सीएम विंडो, जन-संवाद तथा एसएमजीटी पोर्टल पर लंबित शिकायतों की स्थिति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी जिला उपायुक्त अपने-अपने जिलों में समाधान शिविरों, सीएम विंडो, जन-संवाद तथा एसएमजीटी पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों का शीघ्र, पारदर्शी व संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें। अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि सभी विभागों के प्रतिनिधि समाधान शिविरों में दर्ज शिकायतों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करें तथा उनकी वर्तमान स्थिति से संबंधित जानकारी समयबद्ध रूप से साझा करें।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में अधिकारियों की बैठक में समाधान शिविर, सीएम विंडो, जनसंवाद और एसएमजीटी पोर्टल की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी सप्ताह तक लंबे समय से लंबित शिकायतों का संतोषजनक समाधान नहीं किया गया, तो जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा शिकायतों की नियमित समीक्षा भी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन शिकायतों के शीघ्र निस्तारण में ढिलाई किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।




### निवारण प्रणाली संवेदनशील और पारदर्शी बनाए

नरेंद्र कुमार ने कहा कि सही तरीके से दर्ज और निस्तारित शिकायतें न केवल पारदर्शिता को बढ़ावा देंगी, बल्कि बार-बार एक ही शिकायत के खुलने की समस्या भी कम होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक उत्तरदायी, संवेदनशील और पारदर्शी बनाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें तथा इस दायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविर, सीएम विंडो और एसएमजीटी पोर्टल के माध्यम से दर्ज शिकायतों की निगरानी कर रहे हैं और मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जिला स्तर तक मामलों की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में केवल कानूनी या प्रशासनिक दृष्टिकोण पर्याप्त नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनशीलता और व्यवहारिक सोच भी उतनी ही जरूरी है।

### ये अधिकारी मौजूद रहे

बैठक में जिप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक, रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, नगराधीश अंकित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक रवि खुंडिया, विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, स्वास्थ्य विभाग से सुरेश भारद्वाज सहित अन्य विभागों के अधिकारी तथा भाजपा के प्रतिनिधि अंकुश बिड्डू मौजूद थे।

दुनिया में सबसे बड़ा सांप अनाकोंडा है, जो 10 मीटर लंबा और 250 किलो वजनी हो सकता है।

दुनिया में सबसे अधिक विविधता वाले जानवर कीड़े हैं, जिनकी 10 लाख से अधिक प्रजातियां हैं।

# फ्री ट्रेनिंग चाहिए तो स्किल इंडिया मिशन से जुड़े



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

जो भी उम्मीदवार स्किल इंडिया मिशन 2024 के तहत फ्री स्किल ट्रेनिंग लेना चाहते है और मनपसंद नौकरी लेना चाहते है तो आज हम आपके लिए इस संबंध में पूरी जानकारी लाए हैं। इस मिशन के तहत ट्रेनिंग पाकर आप भी अपना कैरियर बना सकते हैं। कुछ लोगों को काम करने की इच्छा तो होती है पर उन्हें इस बारे में ज्ञान नहीं होता. आर्थिक स्थिति या अन्य किसी कारण वें अपने लिए मनचाहा रोजगार नहीं खोज पाते। ऐसे में भारत सरकार द्वारा एक बड़ा अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसका लाभ उठा कर आप अपने लिए नौकरी ढूंढ सकते है।

## पाएं प्रशिक्षण

अगर आप बेरोजगार हैं और अपने लिए रोजगार खोज रहे हैं तो आपको भी इसके बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। स्किल इंडिया मिशन के तहत आप ट्रेनिंग प्राप्त करके अपने लिए रोजगार के ऑप्शन उत्पन्न कर सकते हैं। इस मिशन के तहत ट्रेनिंग लेने के बाद आपको एक सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा जिसके जरिए आपको आसानी से नौकरी मिल जाएगी। आज के वक्त में नौकरी बहुत जरूरी है ऐसे में आप इस मिशन के तहत प्रशिक्षण पाकर अपने लिए नौकरी ले सकते हैं। सरकार का लक्ष्य भी इस योजना के जरूये युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल और समृद्ध बनाना है।

### यह बेरोजगारी हटाने का कदम

इस योजना की शुरुआत भारत सरकार द्वारा बेरोजगारी युवाओं के लिए की गई है। इस स्कीम के अंतर्गत युवाओं को फ्री में ट्रेनिंग दी जाएगी यानी कि उन्हें कोई भी शुल्क नहीं देना होगा। यानि की पूरी ट्रेनिंग फ्री में होगी। इसके लिए आपको एक भी रूपया नहीं देना है। बेरोजगारी मिटाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम साबित होगा। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ शर्तें निर्धारित की गई है जिनके अनुसार अगर आप योग्यता रखते हैं तो फ्री में ट्रेनिंग ले सकते हैं। आपको बता दे कि इस योजना के तहत ट्रेनिंग पाने के लिए आप 10वीं या 12वीं पास होने चाहिए और भारत के स्थाई निवासी होने चाहिए।

## ये करना होगा काम



इस योजना का लाभ उठाने के लिए आपको ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होता है। हम हमारे इस आर्टिकल में आपको पूरी जानकारी देंगे कि कौन इस योजना के लिए योग्य है, और आप किस प्रकार आवेदन कर सकते हैं, आवेदन के लिए किन-किन कागजातों की जरूरत होगी इत्यादि। सरकार का लक्ष्य है कि सभी युवाओं का कौशल विकास हो सके ऐसे में सभी युवा और विद्यार्थी इस योजना के तहत ट्रेनिंग पा सकते हैं।

## कई तरह के पाठ्यक्रमों की दी जाती ट्रेनिंग

### नौकरी के अवसर

इस मिशन के तहत उम्मीदवारों को अलग-अलग कोर्सेज के बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। ताकि वह किसी भी क्षेत्र में अपने लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न कर सके। आपको बता दे कि भारत सरकार के इस योजना के तहत उम्मीदवारों को इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, हार्डवेयर, फ़ूड प्रोसेसिंग, कंस्ट्रक्शन, फिटिंग, हडीक्राफ्ट, गेम्स और ज्वेलरी, लेदर टेक्नोलॉजी और 40 अन्य टकेनिकल कोर्सेज की ट्रेनिंग दी जाएगी. इन कोर्सेज की ट्रेनिंग लेने के बाद उनके लिए नौकरी खोजना आसान हो जाएगा।

### जरूरी कागजात

- आधार कार्ड
- वोटर कार्ड,
- पैन कार्ड
- बैंक खाता पासबुक
- मोबाइल नंबर
- पासपोर्ट साइज फोटो

### ट्रेनिंग के लिए योग्यता

- आवेदक भारत का स्थाई निवासी होना चाहिए।
- उम्मीदवार बेरोजगार होना चाहिए। यानी वह कोई भी काम ना करता हो।
- आवेदक को हिंदी और अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना चाहिए।

### पंजीकरण की प्रोसेस

इस योजना में अप्लाई करने के लिए आपको रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरना होगा जिसकी पूरी जानकारी यहां दी गई है। यहां आप फॉर्म भरने की सरल प्रकिया को समझ सकते है और आवेदन कर सकते है। इस मिशन के तहत आवेदन करने के बाद फ्री में प्रशिक्षण ले पाएंगे।

### ये रहेगी आवेदन प्रकिया

- अधिकारीक वेबसाइट पर जाएं। यहां आने के बाद इसके होम पेज पर आपको साइड बार › क्विक लिंक का विकल्प दिखाई देगा।
- रजिस्ट्रेशन के विकल्प को सेलेक्ट करना होगा।
- इसके बाद आवेदन फार्म में आपको मांगे जाने वाली सारी जानकारी को सावधानीपूर्वक भरनी होगी।
- इसके बाद आपको सभी जरूरी दस्तावेजों को इसके साथ अटैच करना होगा।
- लास्ट में सबमिट के बटन को क्लिक करना होगा।

## अब समाज में तेजी से बढ़ रही सामाजिक समस्याएं

# सोशल सेक्टर में बनाएं करियर जॉब के साथ मिलेगी अच्छी सैलरी

जॉब ट्रेंड्स

### इस क्षेत्र में समाज सेवा के साथ अच्छी कमाई

करियर डेस्क

देश में जिस तरह से जनसंख्या बढ़ रही है, उसी तरह सामाजिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं और उन्हें दूर करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस वजह से सोशल वर्क का दायरा भी लगातार बढ़ रहा है और साथ में ट्रेंड लोगों की डिमांड भी। जिसके कारण अब युवाओं को इस क्षेत्र में भी अच्दा करियर बनाने का मौका मिल रहा है। जो भी समाज सेवा के साथ अच्छा पैसा कमाना चाहता है, उनके लिए इस सेक्टर में करियर बनाना सबसे फायदेमंद हैं।



### कैसे करें एंट्री

इस सेक्टर में काम करने के लिए किसी खास डिग्री की जरूरत नहीं होती है, लेकिन सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझने के लिए होम साइंस, साइकोलॉजी, सोशियोलॉजी या सोशल साइंस में ग्रेजुएशन के बाद सोशल वेलफेयर, सोशल साइंस में मास्टर्स करना अच्छा रहेगा। भारत में कई इंस्टीट्यूट्स, यूनिवर्सिटीज में इससे संबंधित कोर्स संचालित किए जाते हैं। जहां एंट्रेंस टेस्ट और इंटरव्यू के आधार पर दाखिला मिलता है।



इसके अलावाए एनजीओ मैनेजमेंट का कोर्स भी कर सकते हैं। देश में कई इंस्टीट्यूट्स और यूनिवर्सिटी में एनजीओ मैनेजमेंट से जुड़े कोर्स शुरू हो चुके हैं। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज मुंबई, दिल्ली यूनिवर्सिटी, राजस्थान यूनिवर्सिटी, जामिया मिल्लिया विश्वविद्यालय, सोशल वर्क में डिप्लोमा और डिग्री के कई कोर्स संचालित कर रहे हैं, जहां से आप कोर्स कर सकते हैं।

### वर्क प्रोफाइल क्या

सोशल वर्क की फील्ड में भी अब स्पेशलाइज्ड लोगों की डिमांड बढ़ने लगी है। जो चिकित्सीय और मनोवैज्ञानिक सोशल वर्क के साथ अपराधियों को सुधारने पर आधारित समाज कार्य भी करते हैं, इसके अलावा शहरी और ग्रामीण समुदाय विकास से जुड़े मानव कल्याण के कार्य, पुनर्वास, मानव अधिकार और सामाजिक कर्त्तव्य, प्राकृतिक आपदा में बचाव संबंधित कार्य नशे की लत से मुक्ति दिलाने पर आधारित कार्य और अशिक्षा दूर करने से जुड़े कार्य करना पड़ता है।

### अच्छा करियर ग्रोथ

आज जिस तरह से डिसेबिलिटी, ड्रग्स, डिप्रेशन और बुजुर्गों की समस्याएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए समाजसेवा में युवाओं की काफी दरकार है। सोशल सेक्टर में काम करने वाले प्रोफेशनल्स को लोगों की आर्थिक, सामाजिक और मानसिक समस्याओं को जानना-समझना और फिर उसका हल निकालना होता है। इसे काउंसलिंग, कॉन्फ्रेंस, सेमिनार अवेयरनेस प्रोग्राम्स के जरिए पूरा किया जाता है। इस क्षेत्र में सरकारी और गैर सरकारी, दोनों ही तरह के कार्य होते हैं, जिनमें आप एनजीओ मैनेजर, कम्युनिटी सर्विस प्रोवाइडर, एनजीओ प्रोजेक्ट कॉओर्डिनेटर, एनजीओ ह्यूमन रिसोर्स और फाइनेंस मैनेजर के तौर पर कार्य कर अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

### यहां करना पड़ता है काम

सोशल वर्कर के तौर पर आपको ऑफिस वर्क जैसा काम नहीं करना होता और ये सामान्य तौर पर ऑफिस में बैठकर काम करते भी नहीं। इन्हें अलग-अलग ग्रुप और कम्यूनिटी के साथ जुड़ना होता है। इसके तहत ये हॉस्पिटल, क्लीनिक, एनजीओ, डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट, ओल्डएज होम, हेल्थकेयर फैसिलिटीज, एजुकेशन सेक्टर वगैरह के साथ जुड़कर काम करते हैं।

### जरूरी स्किल्स

इस सेक्टर में कार्य करने के लिए कई स्कील की जरूरत पड़ती है, जिसमें सबसे ज्यादा जरूरी कम्युनिटी या लोगों के साथ मिलकर काम करने का अनुभव है। इसके अलावा कम्युनिकेशन स्किल भी काफी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही, स्थानीय भाषा के साथ-साथ इंटरनेशनल लैंग्वेज की भी जानकारी जरूरी है, क्योंकि कई बार इस फील्ड से जुड़े पेशेवर को इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर कार्य करना पड़ता है। प्रॉब्लम सॉल्विंग एबिलिटी का होना भी जरूरी है। साथ ही, सामाजिक न्याय, समाज के उपेक्षित वर्ग को मेन स्ट्रीम में शामिल करने, वंचित लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के प्रयास करने को लेकर प्रतिबद्ध होना जरूरी है। इसके अलावा, सोशल वर्क की फील्ड में काम करने के लिए आपके पास लोगों के साइकोलॉजिकल, इमोशनल पक्षों की समझ भी होनी चाहिए। आपमें धैर्य और संवेदनशीलता होना बेहद जरूरी है। सकारात्मक बदलाव और सही फैसले लेने की क्षमता भी होनी चाहिए।

### अवसर की भरमार

इस फील्ड में जॉब की काफी संभावनाएं हैं। विकास के नए तौर-तरीकों के चलते हमारे मूल्यों में जिस तरह से गिरावट आ रही है, ऐसे में सोशल सेक्टर की भूमिका काफी बढ़ गई है। जाहिर है नौजवानों के लिए इस क्षेत्र में संभावनाएं बढ़ेंगी। यह ऐसा क्षेत्र है, जहां विदेशों में भी काम के काफी अवसर हैं। नाटो, विश्व स्वास्थ्य संगठन, एमनेस्टी इंटरनेशनल, रेडक्रॉस, ग्रीनपीस, यूनिसेफ, यूनाइटेड नेशन, यूनेस्को, ओसीडीए विश्वबैंक, कॉमनवेल्थ ह्यूमन राइट, एनवॉयर्नमेंट प्रोटेक्शनए यूनाइटेड नेशन एजुकेशनल साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन जैसी नामी संस्थाओं के अलावा कई अन्य संस्थाएं जॉब का मौका देती हैं।



## कैसे बनाएं सोशल मीडिया में करियर, क्या होंगे नौकरी के ऑप्शन और वर्क प्रोफाइल

इन दिनों ऑफबीट करियर ऑप्शंस की डिमांड काफी बढ़ गई है। अब लोग मीडिया में करियर बनाने के साथ ही सोशल मीडिया में भी दिलचस्पी ले रहे हैं। सोशल मीडिया की दुनिया में रोजगार की बेहतर संभावनाएं मौजूद हैं। ज्यादातर स्मॉल स्केल बिजनेस सोशल मीडिया के जरिए लाखों रुपये कमा रहे हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट हैंडल करने और सोशल मीडिया मार्केटिंग के लिए वह एक्सपर्ट रखते हैं। कई सेलेब्रिटी और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर भी ब्रांड मार्केटिंग, ऐड्स और अकाउंट हैंडल करने के लिए सोशल मीडिया की टीम रखते हैं।

### ट्रेंड्स की जानकारी होना जरूरी

जो लोग घंटों कंप्यूटर या मोबाइल पर काम कर सकते हैं, ग्राफिक्स डिजाइन, ब्लॉग राइटिंग (किसी भी भाषा में) आदि में दिलचस्पी लेते हैं व ऑफबीट क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए सोशल मीडिया बेस्ट है। इसके लिए क्रिएटिव होना और सोशल मीडिया ट्रेंड्स की जानकारी होना सबसे जरूरी है।

### सोशन मीडिया मैनेजर

सोशल मीडिया मैनेजर कंपनी, ब्रांड या किसी प्रमुख संस्थान के सभी सोशल अकाउंट को प्रोफेशनली मैनेज करता है। यह सोशल मीडिया पर कंपनी को आगे ले जाने के नए तरीके अपनाते हैं, जिनसे कंपनी की अच्छी छवि को पॉजिटिव बनाकर रखा जा सके। पीआर, एडवरटाइजमेंट, मार्केटिंग और सोशल नेटवर्किंग के जरिए ऑर्गनाइजेशन की जो सूचनाएं बाहर जाएं, उनमें समानता बनाए रखना इनका काम है।

### सोशल मीडिया एनालिस्ट/स्ट्रैटेजिस्ट

सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट डेटा का विश्लेषण कर कंपनी पॉलिसी बनाते हैं। यह कंपनी को उसकी जरूरत के हिसाब से सोशल मीडिया चैनल का चुनाव करने में मदद करते हैं और ब्रांड्स से संबंधित ग्राहकों को टारगेट करते हैं। सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट मार्केटिंग कैंपेन को ज्यादा असरदार बनाने की कोशिश करते हैं। यह वेबसाइट ट्रैफिक को भी मॉनीटर करते हैं।

### कंटेंट मैनेजर/क्रिएटर

सोशल मीडिया में कंटेंट का मतलब सिर्फ लिखित कंटेंट नहीं होता है। इसमें ग्राफिक्स, वीडियो, ऑडियो भी शामिल होते हैं। यह एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। जहां सोशल मीडिया मैनेजर सोशल मीडिया सॉफ्टवेयर/प्लेटफॉर्म्स के तकनीकी पहलुओं पर ध्यान देते हैं, वहीं कंटेंट क्रिएटर कंटेंट की भाषा, क्वालिटी और अन्य टेक्नीकल बातें देखते हैं। इनके जॉब प्रोफाइल में कॉपीराइटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग शामिल हैं।

# सफलता की राह नहीं होती आसान, मेहनत लगन और धैर्य से ही मिलती है कामयाबी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

सफलता एक ऐसा लक्ष्य है, जिसे हर छात्र अपने जीवन में हासिल करना चाहता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि सफलता का रास्ता इतना मुश्किल क्यों होता है? क्यों इसमें कोई आसान शॉर्टकट नहीं होता? जवाब सरल है सफलता वही है जो मेहनत, लगन और धैर्य से प्राप्त होती है। यह एक ऐसी यात्रा है, जिसमें चुनौतियां आपका इम्तिहान लेती हैं, और आपकी दृढ़ता ही आपको मंजिल तक पहुंचाती है। आपकी मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाएगी। सफलता आपका इंतजार कर रही है। जीवन की यात्रा में मेहनत ही वह दीपक है, जो अंधेरे रास्तों को रोशन करता है। महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन" अर्थात्, तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता मत कर। यह सूत्र हमें सिखाता है कि सच्ची मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती, चाहे परिणाम तुरंत दिखे या नहीं।

## अपनी मेहनत को सत्य और निष्ठा से सींचो

जैसे पांडवों ने कौरवों के अत्याचारों के बीच भी धैर्य और कर्तव्य का पालन किया, वैसे ही तुम भी अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहो। महाभारत का एक और अमर वचन है, "यतो धर्मस्ततो जयः" जहां धर्म है, वहां विजय है। अपनी मेहनत को सत्य और निष्ठा से सींचो, तो सफलता निश्चित रूप से तुम्हारा इंतजार कर रही है। जैसे अर्जुन ने युद्ध के मैदान में संदेह छोड़कर श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन पर भरोसा किया, वैसे ही तुम भी अपने भीतर के संदेह को त्याग दो। हर बूंद पसीने से तुम अपने सपनों का महल बनाते हो। विश्वास रखो, तुम्हारी मेहनत का हर कण अनमोल है, और वह दिन दूर नहीं जब तुम्हारी सफलता तुम्हें गले लगाएगी।

**शॉर्टकट की भ्रांति :** आज के समय में, जहां सब कुछ तेजी से चाहिए तेज इंटरनेट, तुरंत जवाब, और फटाफट नतीजे हम अक्सर सोचते हैं कि सफलता भी शायद किसी शॉर्टकट से मिल जाए। लेकिन सच्चाई यह है कि शॉर्टकट आपको केवल तात्कालिक लाभ दे सकते हैं, स्थायी सफलता नहीं। उदाहरण के लिए, अगर आप परीक्षा में नकल करके पास हो भी गए, तो क्या वह ज्ञान आपको भविष्य में काम आएगा? नहीं, क्योंकि असली सफलता का आधार है आपका ज्ञान, आपकी मेहनत और आपका आत्मविश्वास।

**मेहनतः सफलता की नींव :** छात्र जीवन वह समय है जब आप अपने भविष्य की नींव रखते हैं। हर बार जब आप देर रात तक पढ़ते हैं, किसी कठिन विषय को समझने की कोशिश करते हैं, या असफलता के बाद फिर से प्रयास करते हैं, आप अपने आप को और मजबूत बनाते हैं। महान वैज्ञानिक थॉमस एडिसन ने कहा था, "मैं असफल नहीं हुआ, मैंने तो बस 10,000 ऐसे तरीके खोजे जो काम नहीं करते।" उनकी यह बात हमें सिखाती है कि असफलता भी सफलता का हिस्सा है। हर बार जब आप गिरते हैं, आप एक नया सबक सीखते हैं, जो आपको मंजिल के और करीब ले जाता है।

**लक्ष्य और अनुशासन :** सफलता का पहला कदम है अपने लक्ष्य को स्पष्ट करना। आप क्या बनना चाहते हैं? डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या कुछ और? अपने सपने को एक कागज पर लिखें और उसे हर दिन देखें। लेकिन केवल सपने देखना काफी नहीं है। अनुशासन वह चाबी है जो आपके सपनों को हकीकत में बदलती है। रोजाना पढ़ाई का समय निश्चित करें, छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं, और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत करें। याद रखें, एक दिन में पहाड़ नहीं चढ़ा जा सकता, लेकिन हर दिन एक कदम बढ़ाने से आप जरूर शिखर तक पहुंचेंगे।

## चुनौतियों का सामना करें

छात्र जीवन में कई चुनौतियां आती हैं पढ़ाई का दबाव, दोस्तों का प्रभाव, या कभी-कभी आत्मविश्वास की कमी। लेकिन ये चुनौतियां आपके रास्ते में रुकावट नहीं, बल्कि सीखने का अवसर हैं। जब आप किसी कठिन सवाल को हल करते हैं, तो न केवल आपका ज्ञान बढ़ता है, बल्कि आपका आत्मविश्वास भी मजबूत होता है। इसलिए, समस्याओं से भागें नहीं, उनका सामना करें। हर चुनौती आपको और बेहतर बनाती है।

**सकारात्मक सोच और धैर्य :** सफलता का रास्ता धैर्य मांगता है। कई बार ऐसा होता है कि मेहनत करने के बावजूद तुरंत नतीजे नहीं मिलते। ऐसे में निराश होना स्वाभाविक है, लेकिन यही वह समय है जब आपको अपनी सकारात्मक सोच को बनाए रखना है। अपने आप से कहें, "मैं कर सकता हूँ।" अपने आसपास ऐसे लोगों को रखें जो आपको प्रेरित करें। किताबें पढ़ें, प्रेरणादायक कहानियां सुनें, और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें।

**आपके पास है ताकत :** प्रिय छात्रों, आपके पास वह ताकत है जो आपको दुनिया की किसी भी ऊंचाई तक ले जा सकती है। जरूरत है तो बस उस ताकत को पहचानने की। हर बार जब आप थक जाते हैं, एक गहरी सांस लें, अपने सपनों को याद करें, और फिर से उठकर चल पड़ें। सफलता का रास्ता लंबा हो सकता है, लेकिन हर कदम आपको आपके सपनों के करीब ले जाता है। असली सफलता वही है जो मेहनत, लगन, और धैर्य से मिलती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) स्थायि
(बी) स्थायी
(सी) स्थाई
(डी) स्थाइ

**2.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जलदी
(बी) जल्दी
(सी) ज्लदी
(डी) जल्डी

**3.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्राक्कथन
(बी) प्रक्कथन
(सी) प्राकथन
(डी) प्रकाथन

**4.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) क्षेत्र
(बी) छेत्र
(सी) क्षत्र
(डी) स्वेत्र

**5.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) रसायनिक
(बी) रासायनिक
(सी) रासीनीक
(डी) रसयनिक

**6.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्रतिवादी
(बी) प्रतीवादी
(सी) प्रतीवाडी
(डी) प्रतिवादि

**7.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) उतसव
(बी) उत्सव
(सी) उस्तव
(डी) ऊत्स्व

**8.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जेष्ठ
(बी) ज्येस्ट
(सी) जेठ
(डी) ज्येष्ठ

**9.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अन्तध्यान
(बी) अन्तर्धान
(सी) अन्तरध्यान
(डी) अन्त : ध्यान

**10.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अधम्र
(बी) अध्रम
(सी) अधर्म
(डी) अधिम

उत्तर 1.(बी) 2.(बी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)9. (बी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप



### भाविप ने किलोई स्कूल में 21 पौधे लगाए

**रोहतक।** भारत विकास परिषद् सेक्टर शाखा रोहतक द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किलोई में परिषद की स्थापना दिवस के उपलक्ष में व गुरुपर्व पर एक पौधा गुरु के नाम पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में 21 फलदार पौधे अमरूद, आंवला, जामुन, शहतूत तथा एक त्रिवेणी (पीपल, बरगद व नीम) का रोपण किया गया। यह कार्यक्रम भारत विकास परिषद् सेक्टर शाखा के पर्यावरण संयोजक एमएल अरोड़ा व सचिव तरुण गुप्ता द्वारा पिछले 10 दिनों से सतत रूप से चलाया जा रहा है।

### लोकेंद्र सिंधु को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें हाल ही में चुरू में जगुआर विमान दुर्घटना में शहीद हुए पूर्व छात्र स्क्वाड्रन लीडर लोकेंद्र सिन्धु को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। सिन्धु ने वर्ष 2008 में इसी स्कूल से शिक्षा प्राप्त की थी। शोक सभा के दौरान समस्त विद्यार्थी, शिक्षकगण एवं स्टाफ ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। विद्यालय प्रांगण में भावुक माहौल देखने को मिला, जहां सभी ने अपने वीर पूर्व छात्र को गर्व और सम्मान के साथ याद किया। कैंपस स्कूल इंचार्ज विवेक कौशल ने इस अवसर पर कहा कि स्क्वाड्रन लीडर लोकेंद्र सिन्धु की शहादत हम सभी के लिए एक गौरव की बात है। उन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, हम उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हैं। लोकेन्द्र सिन्धु की बहादुरी और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को सदैव याद रखा जाएगा।

# जागरूकता रैली से दिया छोटा परिवार, सुखी परिवार का संदेश

**विश्व जनसंख्या दिवस**

## बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाली रैली






- कार्यक्रम की शुरुआत विवि वीसी प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर की
- प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में विश्व जनसंख्या दिवस 2025 के अवसर पर एक जागरूकता रैली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर की गई।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार, प्राध्यापकगण तथा नर्सिंग छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहीं। रैली विश्वविद्यालय परिसर से शुरू होकर मुख्य मार्ग से गुजरी और लोगों को बढ़ती जनसंख्या की समस्या के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने जनसंख्या नियंत्रण विकास की राह, छोटा परिवार-सुखी परिवार एवं जनसंख्या विस्फोट-मानवता पर संकट जैसे नारों के साथ जागरूकता का वातावरण बनाया। इस अवसर पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता व सामाजिक चेतना का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जनसंख्या विस्फोट के कारणों, इसके दुष्परिणामों तथा समाधान के उपायों को कलात्मक रूप से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।


### चेतावनी का दिन

कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा ने कहा कि आज जब हम विश्व जनसंख्या दिवस मना रहे हैं, यह केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि चेतावनी का दिन है। जनसंख्या का अनियंत्रित विस्तार हमारे विकास की गति को अवरुद्ध कर रहा है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह चुनौती और अधिक गंभीर है। शिक्षित युवा वर्ग को आगे बढ़कर इस दिशा में समाज को जागरूक करना होगा। हमें यह समझना होगा कि जनसंख्या को नियंत्रित करना कोई विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। यदि आज हमने सजगता नहीं दिखाई तो कल हमारे संसाधन और भविष्य दोनों ही संकट में होंगे। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय सदैव समाजोन्मुख गतिविधियों में अग्रणी रहा है और हम ऐसे आयोजनों से जनजागरण के इस प्रयास को निरंतर जारी रखेंगे।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार, विभिन्न विभागों के प्राध्यापकगण, अधिकारीगण तथा छात्र-छात्राएँ भी उपस्थित रहीं।

### बढ़ती जनसंख्य विकास में बाधा: डॉ. विनोद

कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या हमारे समग्र विकास में सबसे बड़ी बाधा बनती जा रही है। इससे बेरोजगारी, शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट, स्वास्थ्य सेवाओं पर बोझ और पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए युवाओं को जागरूक होकर समाज में रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय सदैव ऐसे जनहितकारी आयोजनों को बढ़ावा देता रहेगा।



# संगठन और समाज सेवा के लिए हर पल समर्पित रहूंगा : नवीन ढुल

- रोहतक जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कई जगह किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

भारतीय जनता पार्टी द्वारा नवीन ढुल को रोहतक जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद लाखनमाजरा कस्बे में उनका अनेक स्थानों पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कस्बे की गलियों, चैकों और वार्डों में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, फूलमालाओं और जयघोषों के साथ अभिनंदन किया।

स्वागत के इन आयोजनों में युवाओं, बुजुर्गों और स्थानीय नागरिकों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी पं. लोकेश शर्मा ने बताया कि लाखनमाजरा में अलग-अलग स्थानों पर आयोजित समारोह कार्यकर्ताओं की स्वेच्छा से किए गए। यह नवीन ढुल की संगठन के प्रति वर्षों की सेवा और उनके जनसंपर्क के व्यापक प्रभाव को दर्शाता है। नवीन ढुल ने कहा कि यह दायित्व मेरे लिए सम्मान से अधिक एक जिम्मेदारी है। मैं संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। संगठन का सिपाही हूं भरोसे को जिम्मेवारी में बदलूंगा। गांव-गांव, वार्ड-वार्ड तक पार्टी की विचारधारा और योजनाओं को पहुंचाना मेरा लक्ष्य रहेगा। उन्होनें कहा कि संगठन और समाज सेवा के लिए प्रतिपल समर्पित रहूंगा, उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक, और जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका का आभार जताया और कहा कि उनका मार्गदर्शन संगठन को और अधिक मजबूत बनाएगा।

**ये रहे मौजूद:** कार्यक्रम की आयोजन मंडल सचिव व ब्लाक समिति मेंबर अनिल राठी, कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा की लाखन माजरा मंडल अध्यक्ष ललिता शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश मीडिया सह प्रमुख शमशेर कारक पूर्व जिला उपाध्यक्ष सतबीर राठी, धर्मवीर भगत मंडल उपाध्यक्ष, विक्रांत ढुल, अजीत नगर, अमन जागलान पंच कविता, जितेंद्र, गरीबदास और खन्ना साहब मौजूद रहे।

# समर्थगुरु संघ ने मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

समर्थगुरुधाम, मुरथल में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व समर्थ गुरु सिद्धार्थ औलिया की पावन अगुवाई में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर रोहतक से 64 साधक समर्थगुरुधाम मुरथल पहुंचे। देशभर से आए लगभग 800 साधकों ने भाग लिया। समारोह के दौरान छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से आए साधकों द्वारा गुरु पूर्णिमा से संबंधित विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। संत सबरी और संत चरन दया बाई की गुरु भक्ति पर आधारित कोरियोग्राफी ने सभी उपस्थितजनों का मन मोह लिया। इस पावन अवसर पर समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने उपस्थित साधकों को संबोधित करते हुए गुरु से सतगुरु और शिष्य से सदशिष की आध्यात्मिक यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने साधकों को उत्साही, जागरूक, कामनारहित, अहंकारविहीन और कृतज्ञ जीवन जीने की कला के बारे में बताया।



- देशभर से लगभग 800 साधकों ने भाग लिया

समर्थगुरु ने इस मौके पर परमगुरु गुरु नानक देव, परम गुरु ओशो और सूफ़ी बाबा शाह कलंदर के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए सभी साधकों को प्रेरित किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर समर्थगुरु सचिव मां मीराबाई, रोहतक समर्थगुरुधारा संघ जिला समन्वयक डॉक्टर परमवीर फोगाट, दलशेर, अजय देसवाल, अचल नेहरा, अनहद, सुरेंद्र, नरेंदर, अश्वनी, मोनिका, सुनीता, प्रेस समन्वयक संदीप नैन आदि मौजूद रहे।

# द आर्यन ग्लोबल स्कूल की हर्षिता अहलावत ने स्विमिंग में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

द आर्यन ग्लोबल स्कूल की छात्रा हर्षिता अहलावत ने हरियाणा स्टेट ओपन स्विमिंग चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई स्वर्ण और रजत पदक जीतकर विद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन के सौजन्य बहादुरगढ़ में 7 जुलाई से 12 जुलाई 2025 तक आयोजित की गई थी, जिसमें हर्षिता ने ग्रुप 1 आयु वर्ग में भाग लिया और जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए निम्नलिखित पदक अपने नाम किए। जिनमें 1500 मीटर फ्रीस्टाइल - स्वर्ण पदक, 800 मीटर फ्रीस्टाइल - स्वर्ण पदक, 400 मीटर फ्रीस्टाइल - रजत पदक, 200 मीटर फ्रीस्टाइल - रजत पदक, 50 मीटर ब्रैस्ट स्ट्रोक - स्वर्ण पदक रहे है। उनकी यह शानदार सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और अटूट आत्मविश्वास का परिणाम है।



- 1500 और 800 मीटर फ्री स्टाइल स्वर्ण पदक जीते

द आर्यन ग्लोबल स्कूल के प्रबंधन, शिक्षकगण तथा समस्त छात्रवर्ग की ओर से हर्षिता को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाए दी।

### ग्रीन फील्ड स्कूल कारोर में विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन



**रोहतक।** ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, कारोर में छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान व कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय निदेशक ईश्वर सिंह शास्त्री द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के आठवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच को विभिन्न प्रकार के मॉडल के रूप में प्रदर्शित किया। आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने जहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग मॉडल के माध्यम से वर्षा के जल को संरक्षित करने का संदेश दिया वहीं नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित न्यू जनरेशन रोबोट, चंद्रयान ह्यूमैन सिक्रेट्री सिस्टम हाइड्रोक्लेरिक कार, लिफ्ट, वाटर वाटर अलार्म, आर्कषण का केन्द्र रहे। दसवी व बारहवी वर्ग के विद्यार्थियों ने माइक्रोस्कोप, सोलर एनर्जी, विंड मिल पावर प्लांट, इलैक्ट्रिक सर्किट, वाटर फाल, रिफ्लेक्शन ऑफ लाइट प्लांट सैल, ह्युमैन आई-इयर, वालकानों, इलेक्ट्रीक जनरेटर जैसे माडलों का प्रदर्शन किया। कला प्रदर्शनी को लेकर भी विद्यार्थी काफी उत्साहित दिखे। प्राचार्या ज्योति दलाल ने कहा कि विद्यार्थी विज्ञान और कला के क्षेत्र में नई सोच के साथ आगे बढ़े और अपने विचारों को व्यवहारिक अभ्यास में लाने की कोशिश करें। अभिभावको व विद्यार्थियों द्वारा बच्चों के कार्य की भरपूर सराहना की गई अभिभावकों व विषार्थियों द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु उनके द्वारा बनाई गई कलाकृतियों को नकद राशि देकर खरीदा गया।

# पौधरोपण से पुनः लौट सकता है हरियाणा का पुरातन वैभव : राजेंद्र

- महंत राजेंद्र दास बोले –पेड़ पौधे ही हरियाणा की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक पहचान रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

पेड़-पौधों व वनस्पति की हरियाली के कारण ही हरि की पावन धरा बना था हरियाणा। यहां के वनों में ऋषि मुनियों ने घोर तपस्या की है। इन्हीं जंगलों में कपिल मुनि, जमदाग्नी, दुर्वासा, नितानंद महाराज व चौरंगीनाथ आदि ऋषियों के आश्रम व गुरुकुल होते थे। देवता व ऋषि मुनियों की तपोस्थली रहा है यहां के वन व वनस्पति। पौधारोपण से हरियाणा का पुरातन वैभव पुनः लौट सकता है। अतः ऑक्सीजन जॉन बनाने के लिए पौधारोपण बहुत ही जरूरी है।

ये उद्गार रोहतक जिले के सांगेहड़ा व डोभ में पौधरोपण करते हुए जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास ने व्यक्त किये।



महंत राजेंद्र दास ने कहा कि पेड़ पौधे ही हरियाणा की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक पहचान रहे हैं। हरियाणा की हरियाली दिल्ली के प्रदूषण के कलंक को भी नियंत्रित कर सकती है।पेड़ पौधे ऑक्सीजन उत्पादन, वायु शुद्धिकरण और पर्यावरण संतुलन में कारगर साबित हो सकते हैं। इससे स्वच्छ व हरा भरा परिवेश हम भारत माता को दे सकते हैं। उन्होंने त्रिवेणी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नीम में कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करने व ऑक्सीजन उत्पादन की अद्भुत क्षमता है। इस कार्यक्रम में मनमोहन गोयल पूर्व पंच, जितेंद्र राणा, नेहा राणा, प्रशांत राणा, प्रदीप सरपंच डोभ, संजय सरपंच बहुजमालपुर, रामजीवन सरपंच बनियानी, सतबीर, जयदेव पार्षद, डॉ. मनीता दांगी, अनूप मडौदी जाटान, उमेद सिंह, जगबीर सिंह, महावीर, महेंद्र पीटीआई व अजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जनता के बीच रहकर सेवा भाव से करूंगा पार्टी का विस्तार: अशोक वर्मा

- रोहतक स्वर्णकार संघ ने मनोनीत पार्षद का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

हरियाणा सरकार द्वारा दो दिन पहले ही नगर निगम,नगर परिषद और नगरपालिकाओं के मनोनीत पार्षदों की सूची जारी की गई। रोहतक स्वर्णकार संघ के प्रतिष्ठित नेता अशोक कुमार वर्मा को हरियाणा सरकार द्वारा रोहतक नगर निगम का पार्षद मनोनीत किया है। शुक्रवार को रोहतक स्वर्णकार संघ द्वारा अशोक कुमार वर्मा को मनोनीत पार्षद नियुक्त किये जाने पर स्वर्णकार संघ रोहतक द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। रेलवे रोड स्थित सुनारों वाली गली में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर मनोनीत पार्षद अशोक कुमार वर्मा का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि मुझ जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता को एक महत्वपूर्ण जिम्मेवारी देकर समाज में पार्टी ने अपने निष्ठावान कार्यकर्ता का सम्मान करते हुए हौसला अफजाई करने का कार्य किया है



इसके लिए हमारा समाज व स्वर्णकार संघ रोहतक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी,प्रदेश प्रभारी डॉ सतीश पूनिया, सह प्रभारी सांसद सुरेन्द्र नागर,प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, जिला प्रभारी सतेंद्र परमार, जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता है। अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि जो पद और सम्मान भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें दिया है, उसका निर्वहन वह पूरी निष्ठा से करेंगे। रोहतक की जनता के बीच में रहकर पार्टी का विस्तार करेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सतबीर वर्मा, सुखबीर वर्मा, महावीर वर्मा, ऋषि वर्मा, राम भगत वर्मा, नरेश भालोठिया, प्रवीन बंसल, अमित वर्मा, सतीश वर्मा उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं, आर्यन कौशिक पुत्र श्री रमेश कुमार निवासी मकान नं. 843/ 35 जनता कालोनी रोहतक बयान करता हूं कि मेरी 10वीं कक्षा और 12वीं के प्रमाण पत्र में मेरा नाम आर्यन पुत्र श्री रमेश कुमार लिखा हुआ है। अब मैं अपना नाम आर्यन से आर्यन कौशिक करवाना चाहता हूं। भविष्य में मुझे आर्यन कौशिक के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मैं, विशाल कौशिक पुत्र श्री रमेश कुमार निवासी मकान नं. 843/ 35 जनता कालोनी रोहतक बयान करता हूं कि मेरी 10वीं कक्षा और 12वीं के प्रमाण पत्र में मेरा नाम विशाल पुत्र श्री रमेश कुमार लिखा हुआ है। अब मैं अपना नाम विशाल से विशाल कौशिक करवाना चाहता हूं। भविष्य में मुझे विशाल कौशिक के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मैं, रणबीर पुत्र श्री सूरत सिंह निवासी भराण तह. महम जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सचिन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**स्वास्थ्य मंत्री राव ने हिसार से इस योजना का शुभारंभ किया**

# अंधता को जड़ से मिटाने के लिए सरकार ने उज्ज्वल दृष्टि योजना की शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा है कि अंधता को जड़ से मिटाने के लिए सरकार ने उज्ज्वल दृष्टि योजना की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रत्येक नागरिक की आंखों में उज्ज्वल भविष्य की रोशनी लेकर आई है। डीसी शुक्रवार को कलानौर के सामान्य अस्पताल में योजना के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने हिसार से इस योजना का शुभारंभ किया। सभी जिलों में योजना के शुभारंभ कार्यक्रम को लाइव दिखाया गया।

धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि अगर समय पर उपचार न करवाया जाए तो यह अंधता का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि सामान्य जीवन जीने के लिए आंखों की रोशनी का बने रहना बहुत जरूरी है। उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान के तहत जिला स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर तक स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य केंद्रों में 45 वर्ष से ऊपर के लोगों की आंखों की जांच की जाएगी और जरूरत होने पर उन्हें निशुल्क चश्मे दिए जाएंगे। उसके साथ ही स्कूलों में बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएगी। बच्चों की आंखों की जांच के साथ ही अगर उन्हें चश्मे की जरूरत है, तो वो भी दिए जाएंगे।



- 45 वर्ष से ऊपर के लोगों की आंखों की जांच की जाएगी और जरूरत होने पर उन्हें निशुल्क चश्मे दिए जाएंगे

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जरूरतमंद लोगों को योजना के तहत निशुल्क चश्मे वितरित किए। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि आज विश्व जनसंख्या दिवस भी है। भारत दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि अधिक जनसंख्या विकास में बाधा उत्पन्न करती है। इसके साथ-साथ उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण के लिए जागरूकता पर भी बल दिया।

# केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं से युवाओं को अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

मेरा युवा भारत (मॉय भारत) के तत्वाधान में नेहरू युवा केंद्र द्वारा स्वामी नित्यानंद पब्लिक स्कूल में प्रमुख योजनाओं पर कार्यशाला के तहत शुक्रवार को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें जिले भर के युवा मंडलों से आये 55 युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में अलग-अलग विभाग से आये वक्ताओं ने अपने विभाग से सम्बंधित योजनाओं पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी नित्यानंद स्कूल के निदेशक सुमित मलिक ने एक लाभदायक ध्यान सत्र से युवाओं को सदा ऊर्जावान रहने का तरीका बताया।

माय भारत केंद्र से लेखा एवं कार्यक्रम सहायक जय शंकर ने बताया कि कृषि विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी डॉ रविंद्र नांदल ने जल जीवन मिशन पर युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने युवाओं को जल बचाने के लिए शपथ दिलाई व जल बचाने के तरीकों पर प्रकाश डाला। मुख्य चिकित्सा अधिकारी



कार्यालय से आये विवेक ने आयुष्मान भारत योजना से संबंधित सभी भ्रांतियों को दूर किया। भारतीय रिज़र्व बैंक से प्रमाणित वित्तीय परामर्शदाता मिथिलेश हुड्डा ने पीएम मुद्रा योजना व अन्य आर्थिक योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने ऐसी योजनाओं से लाभ प्राप्त करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। पर्यावरण प्रहरी राजबीर मलिक ने स्वच्छ भारत मिशन पर अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम में सभी युवा स्वयंसेवकों अमन, दलबीर, कुलदीप, शिवम, रितु, योगेश, मनोज, अमन बखेता व प्रवीण, माय भारत कार्यालय व स्वामी नित्यानंद पब्लिक स्कूल के स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

185, Huda Complex, Near ZAD Global School, Rohtak
M. 7404288876, 7419488930
HARTRON SKILL CENTRE
NCVET Recognised
हारट्रोन से जुड़ने का सही समय यही है
Hartron Courses Are Aligned With NSQF
हारट्रोन से कंप्यूटर कोर्स करने के बाद SETC (Part-1) से छूट प्राप्त है
Website : www.hartron-rohtak.com

# धनवंतरी एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में आयुष्मान मित्र कक्ष का उद्घाटन

- सड़क हादसों के घायलों को मिलेगा डेढ़ लाख तक कैशलेस इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के धनवंतरी एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में शुक्रवार को आयुष्मान मित्र कक्ष का शुभारंभ किया गया। पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने रिबन काटकर कक्ष का विधिवत उद्घाटन किया। यह सुविधा विशेष रूप से सड़क हादसों में घायल होकर 24 घंटे के भीतर ट्रॉमा सेंटर में पहुंचने वाले मरीजों को राहत पहुंचाने के लिए शुरू की गई है।

इस पहल के पीछे ट्रॉमा सेंटर के इंचार्ज डॉ. राजेश रोहिल्ला की अहम भूमिका रही है, वहीं योजना के नोडल अधिकारी ट्रॉमा सेंटर के डीएमएस डॉ. पंकज छिक्कारा को नियुक्त किया गया है। निदेशक डॉ. सिंघल ने बताया कि यह योजना सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के आदेश पर लागू की गई है।

इसके तहत सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों को डेढ़ लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। पहले मरीजों को डेटा अपलोड करवाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था, लेकिन अब आयुष्मान मित्र कक्ष में ही यह कार्य आसानी से संपन्न होगा। जैसे ही कोई सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति ट्रॉमा सेंटर पहुंचता है, सबसे पहले जीडीएमओ उसकी जानकारी ई-पोर्टल पर भरता है और मरीज को भर्ती कर लिया जाता है। इसके बाद आयुष्मान मित्र कक्ष से ट्रांजैक्शन मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर मरीज की एक यूनिक आईडी बनाई जाती है, जो उसके इलाज में सहयोगी होगी।




### मरीज का डेटा अपलोड होकर पहुंचेगा थाने

ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज डॉ. राजेश रोहिल्ला ने बताया कि मरीज का डेटा पोर्टल में अपलोड होने के बाद संबंधित पुलिस थाने को भेजा जाएगा। थाना पुलिस को 6 घंटे के भीतर यह पुष्टि करनी होगी कि व्यक्ति वास्तव में सड़क हादसे में घायल हुआ है या नहीं। पुष्टि होते ही मरीज को कैशलेस इलाज की सुविधा मिल जाएगी। इसके लिए एक फार्मासिस्ट भी विशेष रूप से नियुक्त किया गया है।

### डेढ़ लाख तक की चिकित्सा सुविधा मिलेगी मुफ्त

डॉ. रोहिल्ला ने बताया कि मरीज को 7 दिन तक चलने वाला इलाज या डेढ़ लाख रुपए तक की चिकित्सा सेवा बिल्कुल मुफ्त प्रदान की जाएगी और परिजनों को एक भी पैसा खर्च नहीं करना पड़ेगा। डीएमएस डॉ. पंकज छिक्कारा ने बताया कि इस योजना को सुचारू रूप से लागू करने हेतु सभी चिकित्सकों को विस्तृत जानकारी और प्रशिक्षण पहले ही दिया जा चुका है।

## युवक पर जानलेवा हमले के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार



रोहतक। पुलिस ने डीघल निवासी युवक पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी अंकिता ने बताया कि डीघल जिला झज्जर गौरव निवासी की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि गौरव के भाई सौरव को 30 जून को युवकों ने चाकू, डंडो से जानलेवा हमला किया। हमले के दौरान लगी चोटों से घायल हुए सौरव को इलाज के लिये अस्पताल में दाखिल कराया गया। युवकों ने इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर सौरव से बात की। सौरव को मिलने के लिये हुड्डा सिटी पार्क, रोहतक बुलाया। जहां पर युवकों ने सौरव पर जानलेवा हमला किया। जांच के दौरान 9 जुलाई को आरोपी पारस निवासी बसंतपुर रोहतक, कुनाल निवासी ब्राह्मणवास, मोहित निवासी बसंतपुर व लोकेश उर्फ बाबा निवासी मदीना कोरसान को गिरफ्तार किया गया है।

## खबर संक्षेप

### कल लगेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

रोहतक। डीएलएफ कॉलोनी स्थित बाबा बंदा सिंह बहादुर चैरिटेबल डायलिसिस सेंटर में रविवार को 9 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में गुर्दे से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों की जांच और परामर्श निशुल्क दिया जाएगा। इस स्वास्थ्य शिविर की खास बात यह होगी कि दिल्ली के विख्यात एवं अनुभवी नेफ्रोलॉजिस्ट (गुर्दा रोग विशेषज्ञ) रोगियों की जांच करेंगे और उन्हें उचित चिकित्सा सलाह देंगे। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय पर पहुंचकर अपनी जांच करवाएं।

### परीक्षाओं की तिथि में किया बदलाव

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की यूजी डीडीई तथा एडिशनल वार्षिक पाठ्यक्रमों के कुछ पेपरों के आयोजन तिथि में बदलाव किया गया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि बीए प्रथम वर्ष की डीडीई कोड तथा एडिशनल वार्षिक स्कीम के पेपर- हिस्ट्रीः हिस्ट्री ऑफ इंडिया (एरलियर टू 1526), इकोनॉमिक्स (माइक्रो इकोनोमिक्स एंड इंडियन इकोनोमिक प्राब्लम्स) तथा पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (एलिमेंट्स ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन) की परीक्षा अब 22 जुलाई को और हिस्ट्री ऑफ इंडिया (सीएडी 1526 टू 1857) के पेपर की परीक्षा अब 24 जुलाई को आयोजित की जाएगी। उपरोक्त पेपरों के आयोजन समय तथा परीक्षा केन्द्र में कोई बदलाव नहीं किया गया है, वे पहले वाले ही रहेंगे।

## एक जून से 8 जुलाई तक रोहतक जिले में हो चुकी सामान्य से 68 प्रतिशत अधिक 144.4 एमएम बारिश

# महम एरिया में आषाढ़ जमकर बरसा, लाखनमाजरा क्षेत्र को 66 एमएम बरसात से करना पड़ा सब्र

रोहतक खंड में 164, सांपला में 161 और कलानौर में 208 एमएम पानी गिरा।

अमरजीत एस गिल ⏭रोहतक

वीरवार 10 जुलाई को आषाढ़(षाढ) महीना पूरा हो गया। इसकी शुरुआत 12 जून से हुई थी। पूरे महीने में महम एरिया में सबसे ज्यादा 263 एमएम बरसात हुई। जबकि लाखनमाजरा क्षेत्र के लोगों को मात्र 66 मिलीमीटर से संतोष करना पड़ा। रोहतक खंड में 164, सांपला में 161 और कलानौर में 208 एमएम पानी गिरा। आषाढ के अंतिम दिन बीते वीरवार को दिनभर रुककर बूंदाबांदी होती रही। आज शुक्रवार 11 जुलाई से सावन शुरू हो गया है। इस महीने में रुक-रुककर लगातार बरसात होती है। इसलिए सावन सी झड़ी की कहावत है। आईएमडी चंडीगढ़ के मुताबिक गत एक जून से बीती 8 जुलाई तक रोहतक जिले में 144.4 एमएम बरसात हो चुकी थी, जोकि सामान्य से 68 प्रतिशत अधिक है। अगर 1 से 8 जुलाई तक के डाटा पर नजर डालें तो 91.6 मिलीमीटर पानी बरसा है। जोकि सामान्य से 92 फीसदी ज्यादा है।

### दूसरे पखवाड़ा में ज्यादा हुई

आषाढ़ में बरसात पहले पखवाड़े की बजाय दूसरे में ज्यादा हुई। पहले में रोहतक खंड में 51, महम में 75, सांपला में 32, कलानौर में 73 और लाखनमाजरा में 22 एमएम बरसात दर्ज की गई। जबकि दूसरे में रोहतक ब्लॉक में 113, महम में 205, सांपला में 129, कलानौर में 135 और लाखमाजरा में 44 बारिश हुई। आमतौर पर पहले की बजाय दूसरे में ही ज्यादा पानी गिरता है। दूसरे में प्री मानसून के अलावा मानसून की झमाझम होनी प्रारंभ हो जाती है।

### दूसरे सप्ताह में ज्यादा बारिश

राज्य में 15 जुलाई तक मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील बना रहेगा। इस दौरान मानसूनी हवाओं की सक्रियता से 11 से 13 जुलाई तक राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में हवाओं व गरजचमक के साथ बारिश होगी। परंतु 14 व 15 जुलाई को राज्य के उत्तरी जिलों में ज्यादातर स्थानों पर हवाओं व गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश तथा दक्षिण पश्चिमी जिलों में कहीं कहीं हल्की बारिश हो सकती है। कुछ एक स्थानों पर भारी बारिश की आशंका यूनिवर्सिटी की तरफ से जताई गई है। ध्यान रहे कि आमतौर पर प्रदेश में मानसून की सबसे ज्यादा सक्रियता जुलाई के दूसरे सप्ताह में होती है। इसकी वजह से अच्छी खासी बरसात होती है।

### दक्षिण पश्चिम मानसून राज्य में सक्रिय

मौसम को लेकर चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार ने ताजा ब्रीफिंग में कहा है कि पिछले चार दिन से मानसून टर्फ उत्तर की तरफ बने रहने के कारण दक्षिण पश्चिम मानसून राज्य में सक्रिय होने से ज्यादातर क्षेत्रों में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई है। परंतु अब भी मानसून टर्फ की उत्तरी सीमा सूरतगढ़, भिवानी, अलीगढ़, बांदा, डाल्टागंज, दीघा से होता हुआ उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। जिससे बंगाल की खाड़ी की तरफ से नमी वाली मानसूनी हवाएं राज्य की तरफ लगातार आने की संभावना है।

### ब्लॉक वाइज डाटा बरसात एमएम में

| तारीख | रोहतक | महम | सांपला | कलानौर | लाखनमाजरा |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 जून | 03एमएम | 00 | 15 | 00 | 00 |
| 17 | 01 | 00 | 02 | 14 | 00 |
| 18 | 13 | 20 | 07 | 34 | 00 |
| 19 | 10 | 00 | 00 | 00 | 15 |
| 20 | 03 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 29 | 14 | 01 | 00 | 00 | 07 |
| 30 | 07 | 34 | 06 | 22 | 00 |
| 1 जुलाई | 00 | 59 | 20 | 15 | 00 |
| 2 | 02 | 48 | 02 | 02 | 00 |
| 4 | 00 | 00 | 00 | 00 | 05 |
| 5 | 58 | 00 | 00 | 25 | 00 |
| 7 | 25 | 49 | 51 | 22 | 20 |
| 8 | 00 | 05 | 00 | 00 | 15 |
| 9 | 03 | 01 | 00 | 48 | 15 |
| 10 | 25 | 43 | 56 | 21 | 04 |

## पीजीआई में मनाया विश्व जनसंख्या दिवस

रोहतक। पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के लैक्चर थियेटर वन में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ मिलकर विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित करके किया। मंच का संचालन जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ. वरूण अरोडा ने किया। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस 2025 पर, हम एक ऐसी वास्तविकता का सामना कर रहे हैं जो भारत के भविष्य को गहराई से आकार दे रही है। हम 1.46 अरब लोगों का देश हैं जोकि दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राष्ट्र है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ आंकड़े हैं नहीं, ये वे चुनौतियां हैं जो हमारे अस्पतालों, ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों और मेडिकल कॉलेजों में प्रतिदिन दिखती हैं। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि स्वाथ्य देखभाल के लिए आपातकाल की तरह है। इससे हमारे संसाधनों पर दबाव भी पडेगा। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधान मंत्री, नरेंद्र मोदी, ने लगातार हमारे युवाओं की परिवर्तनकारी शक्ति पर प्रकाश डाला है। वह जोर देकर कहते हैं कि सशक्त, शिक्षित और स्वस्थ युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति हैं। हमारी 47 प्रतिशत जनसंख्या 25 वर्ष से कम आयु की है जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी हमें प्रेरित करते हैं, आइए हम अपनी युवा ऊर्जा और युवा चिंतन का उपयोग करें, ताकि हमारी जनसांख्यिकीय बढ़त को अद्वितीय राष्ट्रीय प्रगति और वैश्विक कल्याण की शक्ति में बदला जा सके।

# शिक्षा भारती विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा और भक्ति से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक



विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान और हिंदू शिक्षा समिति द्वारा संरक्षित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना रोड पर शुक्रवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने गुरुजनों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और भावनात्मक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रदीप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो हमें यह स्मरण कराता है कि गुरु केवल ज्ञान के स्त्रोत नहीं, अपितु मार्गदर्शक, प्रेरणास्त्रोत और संस्कारों के वाहक भी होते हैं। एक सच्चा गुरु ही शिष्य के जीवन को दिशा देता है और उसे योग्य नागरिक बनाता है। विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने माता-पिता, शिक्षकों और सभी जीवन मार्गदर्शकों का सम्मान करें और उनके बताए मार्ग का अनुकरण कर जीवन में सफलता अर्जित करें। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को कहा, गुरु जीवन के उस दीपक के समान हैं जो अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। इस पर्व के माध्यम से हमें अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर प्राप्त होता है। कार्यक्रम संयोजिका अंजू सुखीजा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल शिक्षकों का नहीं, अपितु जीवन के हर उस व्यक्ति के प्रति आभार प्रकट करने का अवसर है, जिन्होंने हमें सही राह दिखाई है।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक रामचरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एसके गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्याएं बीना कौशिक एवं डा. दिनेश मदान ने आयोजन की सराहना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## दुहन पब्लिक स्कूल की छात्रा रितिका ने महाकुंभ प्रतियोगिता में हासिल किया द्वितीय स्थान



रोहतक। सोनीपत में आयोजित जिला स्तरीय महाकुंभ प्रतियोगिता में दुहन पब्लिक स्कूल की प्रतिभावान छात्रा रितिका ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 4 जुलाई 2025 को जैवलिन थ्रो (महिला वर्ग) में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। रितिका की इस उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का माहौल रहा। स्कूल के डायरेक्टर डॉ. अशोक दुहन, वाइस प्रिंसिपल अनु राणा सहित समस्त शिक्षकों ने छात्रा को आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। डॉ. अशोक दुहन ने कहा कि रितिका की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रा के समर्पण और मेहनत की सराहना करते हुए भविष्य में और भी ऊंचाइयों तक पहुंचने की शुभकामनाएं दी हैं।

# मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

रोहतक। नगर निगम वार्ड नंबर 14 के गणमान्य नागरिकों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को जिला उपायुक्त नगराधीश के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में सुभाष नगर स्थित सुभाष पार्क में वर्षों से संचालित जन सेवा अटल सेवा केंद्र को बिना उचित जांच के बंद किए जाने के प्रशासनिक आदेश का विरोध दर्ज कराया गया। उन्होंने बताया कि यह सेवा केंद्र नगर निगम की अधिकृत भूमि पर विधिक एवं प्रशासनिक अनुमति के साथ संचालित हो रहा था और क्षेत्र की लगभग 30 हजार आबादी के लिए यह एकमात्र डिजिटल सेवा केंद्र था। केंद्र पर आमजन को डिजिटल इंडिया के तहत केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, रोजगार पोर्टलों, और अन्य ऑनलाइन सेवाओं का लाभ मिल रहा था।



प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि स्थानीय कांग्रेस नेताओं के दबाव में जिला प्रशासन ने तथ्यों की जांच-पड़ताल किए बिना जनहित की उपेक्षा करते हुए जन सेवा केंद्र को बंद करने का तानाशाही आदेश जारी कर दिया।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिड़ी में उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान का शुभारंभ

रोहतक। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिड़ी में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यपाल की अध्यक्षता में उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर चिड़ी गांव के सरपंच नवीन दलाल ने भाग लिया। डॉक्टर सत्यपाल ने बताया कि 45 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की दृष्टि सुधार के लिए उज्जवल दृष्टि हरियाणा अभियान के तहत मुफ्त चश्मे वितरित किए जाएंगे। इस अभियान के अंतर्गत राजकीय स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों की आंखों की जांच की जाएगी और निशुल्क चश्मा प्रदान किए जाएंगे। डॉ. सत्यपाल ने बताया कि 50 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की मोतियाबिंद की जांच की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर सरकारी अस्पतालों में निशुल्क सर्जरी की सुविधा प्रदान की जाएगी। सीएचसी चिड़ी में आयोजित इस अभियान के अंतर्गत डॉक्टर सत्यपाल और सरपंच नवीन दलाल ने जरूरतमंदों को निशुल्क चश्मे वितरित किए। इस अभियान कार्यक्रम के अंत में राष्ट्र गान गाकर इस उज्जवल दृष्टि हरियाणा अभियान को सफल बनाने के लिए कहा। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिड़ी का समस्त स्टाफ आशा वर्कर, नर्सिंग ऑफिसर, चिड़ी गांव तथा आसपास के गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## एमडीयू में डिजिटल ड्रग डिस्कवरी पर कार्यशाला

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की आर्यभट्ट सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन लैब के तत्वावधान में डिजिटल ड्रग डिस्कवरी ड्रग डिस्कवरी को पुनर्परिभाषित करने में एआई एमएल और सिलिको सिमुलेशन की भूमिका विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य दवा खोज की पारंपरिक विधियों में आ रहे तकनीकी बदलावों को समझना और उभरती डिजिटल तकनीकों की भूमिका पर संवाद स्थापित करना रहा। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रो. हरीश दूरेजा ने की, जबकि संयोजक की भूमिका प्रो. राकेश कुमार मरवाह ने निभाई। आयोजन सचिव डा. अनिल ओहलान ने समन्वय एवं संचालन का कार्य किया। कार्यशाला में मॉलिक्यूलर सॉल्यूशंस सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े विशेषज्ञ डॉ. रघु आर. और अंबू दिनेश जयकुमार ने बतौर रिसोर्स पर्सन भाग लिया।

## अनियंत्रित जनसंख्या देश के संसाधनों पर बोझ

रोहतक। विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर शुक्रवार को गांव कंसाला में ग्रामीण महिला एवं युवा विकास संस्थान द्वारा, मेरा युवा भारत रोहतक के सौजन्य एवं दादी पिलासन युवा शक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन कुमार बखेता की मौजूदगी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक से योगेश गांधरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 110 विद्यार्थियों ने भाग लिया और बढ़ती हुई जनसंख्या से संबंधित अपने विचार साझा किए। विद्यार्थियों ने बताया कि किस प्रकार हम जनसंख्या नियंत्रण करके लोगों को बेहतर रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अनियंत्रित जनसंख्या देश के संसाधनों पर बोझ बन सकती है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट सुझाव देने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान देकर प्रोत्साहित किया गया।

# शिक्षण संस्थान को नए परिसर निर्माण के लिए मिला 5 लाख रुपये का दान

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थान, जो शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है, इसके गांव पहरावर में बनने वाले नए परिसर के लिए पांच लाख रुपये का दान प्राप्त हुआ है।

दानदाता वार्ड-20 नगर निगम पार्षद व गांव पहरावर के पूर्व सरपंच प्रवीण कौशिक ने पांच लाख रुपये का चेक गौड़ ब्राह्मण विधा प्रचारिणी सभा के प्रशासक एवं एसडीएम रोहतक आशीष वशिष्ठ को उनके कार्यालय में दिया। प्रवीण कौशिक ने कहा कि यह योगदान बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, समाज की शिक्षा उन्नति, और संस्थान के विकास के लिए समर्पित है।

गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थान के प्रशासक एवं एसडीएम रोहतक आशीष वशिष्ठ ने इस सहयोग के लिए दानदाता का आभार व्यक्त किया और बताया कि लगातार दान दाता आगे आ रहे हैं, जिससे इस परिसर का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि यह दान केवल रकम नहीं, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता और हमारी संस्कृति की असली पहचान है। ऐसे दानदाताओं के सहयोग से ही समाज के बच्चों को उत्तम शिक्षा और संस्कार दिए जा सकेंगे। गौड़ ब्राह्मण विधा प्रचारिणी सभा के पदेन सचिव डॉ. जयपाल शर्मा ने बताया कि अनेक अन्य समाजसेवी भी इस पवित्र कार्य में योगदान के लिए संपर्क कर रहे हैं, जिससे जल्द ही निर्माण कार्य को गति मिलेगी। संस्थान प्रबंधन समिति ने समस्त समाज से अपील की है कि वे भी इस पवित्र अभियान में अपनी सहभागिता निभाएं, ताकि गांव और क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। समाज में शिक्षा के प्रचार-प्रसार तथा संस्कारवान नागरिक निर्माण के लिए ऐसे योगदान प्रेरणादायक हैं। गांव की इस जमीन पर मॉडल स्कूल,लॉ कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज का निर्माण होगा।

पार्षद प्रवीण कौशिक ने स्वर्गीय दादा रिसालू कौशिक के नाम से छात्रवृत्ति के लिए गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा एक लाख इक्कीस हजार का चैक दिया। इस राशी से बीए द्वितीय वर्ष के प्रथम आने वाले विद्यार्थी को प्रत्येक वर्ष छात्रवृत्ति दी जाएगी।



## तनिष्क में 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स 2025' का शुभारंभ



रोहतक। भारत का सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड और टाटा परिवार का एक सदस्य तनिष्क 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स स्पार्कल योर वे' का 2025 का संस्करण पेश कर रहा है। आधुनिक महिला और उनकी कई उज्ज्वल सफलताओं के सम्मान में तनिष्क यह पहल चला रहा है। सिर्फ 15,000 रुपये से शुरू होने वाले प्राकृतिक डायमंड आभूषणों की सोच-समझकर चुनी गयी श्रेणी के साथ यह पहल फैशन चार्ज का नेतृत्व कर रही है। आधुनिक वार्डरोब में हीरों को किस तरह से स्टाइल किया जाता है और उन्हें जिस तरह से संजोकर रखा जाता है। इस खुशियों को और भी सुनहरा बनाने के लिए तनिष्क हीरों के आभूषणों के एमआरपी पर 20 फीसद तक की सीमित अवधि की छूट दे रहा है। इस ऑफर का लाभ सिर्फ 25 अगस्त तक उठाया जा सकता है। इस उद्योग में चलाए जाने वाले कई प्रमोशन सिर्फ स्टोन या कैरट वैल्यू पर लागू होते हैं, जब कि यह ऑफर पूरे आभूषण पर लागू होता है। अपने लिए या अपने प्रिय व्यक्ति के लिए, हीरों में निवेश करने का सही समय है।